# छात्रों की उपस्थिति देख कुलपति हुए नाराज

## यूटीयू कुलपति ने किया माया इंजीनियरिंग कॉलेजव गुरुनानक फार्मेसी कालेजों का औचक निरीक्षण

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल यूटीयू के क ुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को सेलाकुई में स्थित सम्बद्ध निजी इंजीनियरि ंग संस्थान माया इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जिसमें बीटैक पाठ्यक्रम संचालित होता हैं इस संस्थान को लेकर ई मेल के माध्यम से बीटैक इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को विश्वविद्यालय ओंकार सिंह और परीक्षा नियंत्रक डॉ वीके पटेल ने संयुक्त रूप से इस कॉलेज का औचक निरीक्षण किया तो निरीक्षण में स ंस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था की खामियों को देख कर कुलपति ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हए संस्थान के प्रभारी निदेशक को निर्देशित करते हुए सख्त हितायत देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अविलम्ब फैकल्टी की व्यवस्था करें जिससे कि छात्रों के पठन-पाठन से संबंधित कार्यों का सुचारू रूप से संचालन हो सके। विश्वविद्यालय की ओर से संस्थान को पत्र के माध्यम से भी निर्देशित करते हुए कहा कि नियामक परिषद एआईसीटीई और विश्वविद्यालय अधिनियम के अन्तर्गत मानक के अनुसार भूमि, भवन, फैकल्टी, पुस्तकालय व अन्य सुविधाओं का पालन न करके घोर लापरवाही दिखाई है। मौके पर ही संस्थान को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया है कि यदि इस प्रकार की शिकायत भविष्य में संस्थान के खिलाफ प्राप्त हुई तो नियमतः संस्थान के खिलाफ विश्वविद्यालय को कार ्वाई करने को बाध्य होना पाडेग़ा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान प्रबन्धन की होगी।इसके उपरान्त झाझरा स्थित गुरूनानक कॉलेज ऑफ फार्मर्सी का एकैडमिक औचक निरीक्षण भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने सभी सम्बद्ध संस्थानों को चेतावनी के साथ स्पष्ट संदेश द ेते हुए कहा कि 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को किसी भी दशा में आगामी विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी और कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे हर सम्भव उचित प्रयासों का अक्षरशः पालन करें।